हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 4 जनवरी 2024
कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री

11 एकलव्य खेल मैदान में होगा गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह



12 कभी सरहद की करते थे रखवाली, अब समाजसेवा में जुटे लुकेश्वर



## खबर संक्षेप

### गणेशपुर में मड़ई 5 को

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम गणेशपुर में 5 जनवरी शुक्रवार को मड़ई होगी। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम सुर सरिता कोपेडीह अभनपुर की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सरपंच प्रतिनिधि कल्याण यादव ने दी है।

### सरबदा में मड़ई 7 को

**जीजामगांव।** ग्राम सरबदा में 7 जनवरी रविवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी आर्केस्ट्रा सोन के मुंदरी की मनमोहक प्रस्तुति होगी। आयोजन की तैयारी में सरपंच चैतन्यगिरी गोस्वामी, अध्यक्ष पूनमचंद साहू, मोहन लाल, मेवा लाल, बानू सेन, शेखूराम, दिनेश, भगवती, रामसुंदर, पारस यादव, टीकू यादव सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### पेंशनर एसोसिएशन की बैठक 10 को

**कुरूद।** 8 जनवरी को होने वाली पेंशनर एसोसिएशन की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गई है। अब यह बैठक 10 जनवरी को पेंशन भवन में आयोजित की जायेगी। 8 जनवरी को कसडोल ब्लॉक में पेंशनर्स एसोसिएशन का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है जिसमें कुरूद के पेंशनर भाग लेंगे। इसलिए बैठक अब 8 की बजाय 10 जनवरी को होगी। यह जानकारी वेदनाथ चंद्राकर ने दी है।

### सिरौदखुर्द में 12 से रामकथा

**धमतरी।** ग्राम सिरौदखुर्द में 12 जनवरी से रामकथा का आयोजन किया गया है। 15 जनवरी को सत्संग एवं 16 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन होगा। रात्रि में मनोरंजन के लिए बस्तर के रंग छतीसगढ़ी आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष चन्द्रहास साहू, सचिव दुर्गाप्रसाद, कोषाध्यक्ष योगेश यादव, संरक्षक अजय यादव एवं नीलमणि ध्रुव, हरिओम साहू ने दी है।

### सिलीडीह मड़ई 15 को

**जीजामगांव।** ग्राम सिलीडीह में 15 जनवरी सोमवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम जय महावीर सुआ कला मंच जोबा जिला महासमुन्द की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी रामबिशाल साहू ने दी है।

### केकराखोली में 17 को मोर सांवरिया कार्यक्रम

**नगरी।** ग्राम केकराखोली में 17 जनवरी बुधवार को मड़ई होगी। रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम मोर सांवरिया की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में शंकरलाल मरकाम संरक्षक, जागेश्वर गोटा ग्राम पटेल, यशवंत मरकाम अध्यक्ष, छबिलाल यादव कोषाध्यक्ष, ललित नेताम सचिव, छन्नू यादव सह सचिव, रामभुवन कांगे सलाहकार जुटे हैं।

### जिले के 12 गांवों में आज लगेंगे संकल्प शिविर

**धमतरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 4 जनवरी को जिले के चारों विखं के 12 गांवों में संकल्प शिविर लगाये जायेंगे। धमतरी विखं के पीपरछेड़ी गा., नवागांव, कुरूद विखं के चोरभट्ठी, बगौद, मगरलोड विखं के बिरझुली, खड़मा, मुड़केरा, पठार और नगरी विखं के गोविंदपुर, बोराई, झुंझरकासा तथा लिखमा में संकल्प शिविर आयोजित किये जायेंगे। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने लोगों से शासन की विभिन्न योजनाओं आधार कार्ड का पंजीयन, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड का पंजीयन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, स्वास्थ्य जांच लाभ, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और पेंशन योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

पोटियाडीह खरीदी केंद्र का मामला, दो घंटे तक धान खरीदी रही बाधित

# पेमेंट नहीं मिला तो आक्रोशित किसानों ने बंद करा दी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धान की राशि नहीं मिलने से परेशान किसानों ने खरीदी बंद करवाकर प्रदर्शन किया। वे चक्काजाम की तैयारी में थे। अधिकारियों की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। किसानों ने 9 जनवरी तक का वक्त दिया है। इस तिथि तक यदि उन्हें राशि नहीं मिलती है तो वे उग्र प्रदर्शन करेंगे।

पोटियाडीह खरीदी केंद्र में धान बेचने के बाद भी कई किसानों को पेमेंट नहीं मिला है। इन किसानों ने 1 दिसंबर को धान बेचा था। आज एक माह बाद भी पेमेंट नहीं मिलने से उनकी परेशानी बढ़ गई है। किसानों ने चक्काजाम का अल्टीमेटम दिया था। बुधवार को बड़ी संख्या में किसान खरीदी केंद्र में एकत्रित हुए और धान खरीदी बंद करवा दी। खरीदी बंद होने की खबर मिलते ही अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में अधिकारी खरीदी केंद्र पहुंचे। उन्होंने समझाइश दी और दो दिन के भीतर सभी किसानों का पेमेंट करने का आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने के बाद किसान शांत हुए और खरीदी फिर से चालू हुई। किसानों ने पेमेंट करने के लिए 9 जनवरी तक का वक्त दिया है। इस तिथि तक यदि उन्हें पेमेंट नहीं मिलता है तो वे 10 जनवरी को उग्र आंदोलन करेंगे। किसानों के प्रदर्शन के चलते करीब 2 घंटे तक खरीदी बाधित रही। प्रदर्शन के दौरान जनपद सदस्य अनिल तिवारी, नरेंद्र सिन्हा, कुलेश्वर साहू, विनोद साहू, संजय साहू, रामभरोसा साहू, मोहित देवांगन, लिकेश देवांगन, ईश्वर देवांगन, भगत ढीमर सहित अन्य किसान उपस्थित थे।



### कई किसानों की समस्या

पेमेंट रूकने की कई शिकायत आ रही है। केवल 1 दिसंबर को धान बेचने वाले किसानों का पेमेंट नहीं रूका है, बल्कि कुछ किसान ऐसे हैं, जिन्होंने अन्य तिथियों में धान बेचा था, उनका पेमेंट भी नहीं आया है। पोटियाडीह के किसान नवीन सिन्हा ने बताया कि उसने 28 नवंबर को 40 हजार रुपए का धान बेचा था। उसके खाते में राशि नहीं आई है। खपरी के किसान उमाशंकर ने देमार खरीदी केंद्र में 11 दिसंबर को धान बेचा था। उनकी भी राशि अटकी हुई है। पेमेंट रूकने की समस्या जिले के अधिकांश खरीदी केंद्रों में है।

### नहीं थी अधिकारियों को जानकारी

पेमेंट रूकने के बाद लगातार किसान समिति में शिकायत कर रहे थे। समिति ने शिकायत को जिला सहकारी बैंक की शाखाओं में फारवर्ड कर दिया। शाखाओं ने एनआईसी में इसकी जानकारी भेजी थी। ऐसे 33 किसानों की शिकायत 27 दिसंबर को भेजी गई थी। कुछ किसानों की शिकायत को 1 जनवरी को फारवर्ड किया गया था लेकिन जिला स्तर के अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं दी गई थी जिसके चलते पेमेंट का मामला अटका हुआ है।

### जल्द होगा भुगतान

किसानों की पूरी शिकायत सुनी गई। धान का पेमेंट जल्द से जल्द किसानों के खाते में डाल दिया जाएगा। आज इसके लिए फाइल भी चला दी गई है। उम्मीद है कि एक दो दिन में किसानों को भुगतान मिल जाएगा।

- **शिवेश मिश्रा**, *नोडल अधिकारी धान खरीदी*

# ढाबा संचालक से वसूली मामले का मास्टर माइंड गिरफ्तार

- पहले चार आरोपी जेल दाखिल, एनसीआईबी का अधिकारी बताकर की थी उगाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



राष्ट्रीय अपराध जांच ब्यूरो का अधिकारी बताकर ढाबा संचालक से वसूली करने के मामले के मास्टर माइंड को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

उल्लेखनीय है कि 30 दिसंबर 2023 को कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम नारी स्थित रेस्टोरेंट व ढाबा में कार सवार चार लोग पहुंचे और अपने आपको एनसीआईबी का अधिकारी बताकर तलाशी ली। इस दौरान कर्मचारियों द्वारा पीने के लिये रखी चार पौवा शराब को बरामद कर ढाबा संचालक पर अवैध शराब बेचने का आरोप लगाया। वहीं अपनी कार से शराब की बोरी निकालका ढाबा में रख फोटो खींचकर ढाबा संचालक अजय सिंह नवापारा जिला रायपुर निवासी को केस बनाने के नाम पर डराया गया। केस को रफा-दफा करने संचालक से 80 हजार रूपये मांगी गई। संचालक को बंधक बनाकर उसके घर नवापारा ले जाकर 15 हजार रूपये वसूल लिये, शेष राशि दूसरे दिन धमतरी में देने के लिये धमकाया। संचालक की शिकायत पर कुरूद पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने 31 दिसंबर को धमतरी बस स्टैंड में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने कांकेर जिले के कैलाश साहू द्वारा एनसीआईबी का अधिकारी बनकर उगाही करने की ट्रेनिंग देना बताया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में साइबर प्रभारी एसआई रमेश साहू व उसकी टीम ने मामले के मुख्य आरोपी कैलाश साहू पिता ईश्वर लाल उम्र 21 वर्ष वर्तमान निवास अलबेलापारा कांकेर निवासी को मंगलवार को कांकेर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है। इस मामले में चार आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

### गुजरा का मड़ई मेला स्थगित

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम गुजरा में 5 जनवरी को मड़ई मेला कार्यक्रम रखा गया था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। यह जानकारी ग्राम पटेल नंदलाल साहू, सरपंच श्रीमती शांति बाई ध्रुव, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष विशाल साहू, उपसरपंच मेतर साहू, विक्रम सिंह मांडवी ने दी है।

# अतिक्रमण से मुक्त हुआ शिक्षा का मंदिर



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शिक्षा के मंदिर में कई लोगों ने अतिक्रमण कर लिया था। इस पर एक्शन लेते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन के सहयोग से तोड़फोड़ अभियान चलाया। सभी अतिक्रमणकारियों से स्कूल मैदान खाली करवाया गया।

मामला ग्राम पंचायत कोलियारी का है। यहां के शासकीय हाईस्कूल के खेल मैदान में कई ग्रामीणों ने अतिक्रमण कर लिया था। कुछ अतिक्रमणकारियों ने तो आधा एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया था। पहले तो अतिक्रमणकारियों ने केवल घेरा लगाया था, फिर ईंट, रेती गिट्टी डंप कर मकान बनाने की तैयारी कर ली। ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रशासन को दी। इसके बाद ग्रामसभा में अतिक्रमण हटाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया।

बुधवार को सुबह से ही नायब तहसीलदार श्री नागवंशी, उपसरपंच राजेश ध्रुव, हेमलाल साहू, ऋषि सोनकर, सेवाराम साहू, जागेश्वरी निषाद, मुकेश्वरी, पंच अनिल गंजीर सहित अन्य ग्रामीण एकजुट हुए और कब्जा हटाने की कार्रवाई की। काफी समझाइश के बाद अतिक्रमणकारियों ने खुद कब्जा हटाना शुरू कर दिया। शाम तक सभी का कब्जा हटा लिया गया।

# जिले में पुलिस ने चलाया जुआ के खिलाफ अभियान, 25 धरे गये

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के चार थानों की पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर जुआ खेल रहे 25 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 14150 रूपये जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार जुआ-सट्टा व अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जिले के चार थानों द्वारा जुआ के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग स्थानों में दबिश दी गई। इस दौरान जुआ खेल रहे 25 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। रूद्री पुलिस ने परमानंद यादव 26 वर्ष सोरिद, कृष्ण कंवर 26 वर्ष सोरिद, राधाकृष्ण साहू 36 वर्ष भटगांव व नंदकिशोर विश्वकर्मा 46 वर्ष निवासी बालोदगहन को गिरफ्तार किया है। इसी तरह पुलिस ने युवराज साहू 35 वर्ष गोकुलपुर, अशोक देवांगन 52 वर्ष भटगांव, सोमेश साहू 35 वर्ष लालबगीचा, मन्नू सिन्हा 34 वर्ष भटगांव, धनीराम महार 35 वर्ष भटगांव व शंकर देवांगन 23 वर्ष सोरिद निवासी को जुआ खेलते रंगेहाथ पकड़ा है। आरोपियों से 7020 रूपये जब्त किया गया है। इसी तरह अर्जुनी पुलिस ने राजेन्द्र साहू 42 वर्ष बोड़रा, ताराचंद साहू 35 वर्ष भोथली, संतोष साहू 43 वर्ष भोथली, तिलक साहू 35 वर्ष कंडेल व चिंतामणी ढीमर 26 वर्ष को जुआ खेलते पकड़ा है। आरोपियों से कुल 3200 रूपये बरामद हुआ है। वहीं मगरलोड पुलिस ने जुआ खेल रहे गोकुल उर्फ विश्वजीत कंवर 27 वर्ष ग्राम सोनपैरी, सोमनाथ यादव 30 वर्ष रांकाडीह, धन्नू यादव 52 वर्ष ग्राम सांकरा, चिंता वर्मा 61 वर्ष चारभाठा व पतिराम कंवर 59 वर्ष ग्राम सांकरा निवासी को जुआ खेलते गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 3090 रूपये जब्त किया गया। भखारा पुलिस ने खूबलाल मारकंडे 39 वर्ष, धनंजय मेहता 24 वर्ष, किशोर कुर्रे 21 वर्ष, कांतिलाल साहू 40 वर्ष चारों ग्राम पुरैना निवासी व दुकालूराम साहू 50 वर्ष ग्राम भेड़सर निवासी को जुआ खलते पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 840 रूपे व ताशपत्ती जब्त की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 3-2 छग जुआ प्रतिबंध अधिनियम 2022 के तहत अपराध दर्जकर वैधानिक कार्रवाई की है। चारों थानों द्वारा 25 आरोपियों पर कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सहित स्टाफ का योगदान रहा।

# स्वास्थ्य परीक्षण के साथ बनाया जा रहा आधार, आयुष्मान और जॉब कार्ड

- विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने लगाए जा रहे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के लोगों को लाभ दिलाने के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर विशेष पिछड़ी जनजाति के बसाहटों को चिन्हांकित कर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित एवं पात्र सभी हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा लोगों को विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग हेतु संचालित योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जा रही है।

इसी कड़ी में जनजाति बहुल नगरी के ग्राम डोंगरडुला, कौहाबाहरा, कोटाभर्री, दुगली, कल्लेमेटा में शिविर आयोजित कर लक्षित 149 में से 61 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया गया।

गौरतलब है कि पीएम जनमन योजना का मूल उद्देश्य कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी), परिवारों और बस्तियों तक बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं को पहुंचाकर उनकी सामाजिक, आर्थिक स्थितियों में सुधार करना है। पीएम जनमन योजना अंतर्गत कमजोर जनजाति समूहों की बसाहटों में विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, आंगनबाड़ी के माध्यम से पोषण, आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। शिविरों में विशेष पिछड़ी



जनजाति वर्ग के वंचित लोगों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जनधन खाता, केसीसी, जाति प्रमाण पत्र, वन अधिकार पत्र, जॉब कार्ड सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। साथ ही बीपी, शुगर, आंख, खून की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां भी प्रदान की जा रही हैं।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

वर्ष 2023 में एक्सीडेंट के 92 व जहर सेवन के 75 मामले दर्ज

# जिला अस्पताल के पुलिस सहायता केंद्र ने कराया 227 शवों का पोस्टमार्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला अस्पताल परिसर में स्थित पुलिस सहायता केन्द्र ने वर्ष 2023 में कुल 227 शवों का पोस्टमार्टम कराया है। इन मामलों में ज्यादातर सड़क दुर्घटना के 92 व जहर सेवन कर आत्महत्या करने के 75 केस थे।

जिला अस्पताल सहित शहर के अन्य निजी अस्पतालों में भर्ती सड़क दुर्घटना व आत्महत्या के प्रयास सहित अन्य घटना-दुर्घटनों के घायल मरीजों की इलाज के दौरान मौत हो जाने पर उन शवों का पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल परिसर में सस्थित मर्रच्युरी में लाया जाता है, जहां जिला अस्पताल के डाक्टरों द्वारा शव का पोस्टमार्टम किया जाता है। शव के पोस्टमार्टम के लिये मृतकों के परिजनों को सुविधा के लिये सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत अस्पताल परिसर में वर्ष 2010 में ही पुलिस सहायता केन्द्र स्थापित किया गया है, जहां एक एएसआई व दो आरक्षक की पदस्थापना है। पुलिस सहायता केंद्र में अस्पतालों से मेमो प्राप्त होने पर शवों को मर्रच्युरी में शिफ्ट करा दिया जाता है। तत्पश्चात सहायता केन्द्र में मृतक के परिजनों के बयान दर्ज कर पंचनामा की कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिये परिजनों को सौंप दिया जाता है। वर्ष 2023 में जनवरी से लेकर दिसंबर तक अस्पताल पुलिस सहायता केन्द्र ने 227 शवों का पोस्टमार्टम कराया है, जिसमें सबसे अधिक सड़क दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 92 थी। वहीं जहर सेवन कर मरने वालों की संख्या 75 रही है। इसी तरह फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले 11, पानी में डूबकर मरने वाले 6, जलने से 4, करंट 6, अज्ञात कारणों से मरने वाले 14, चाकूबाजी से मरने वाले 4, वन्य प्राणी के हमले से 1, सर्पदंश से 8 व अन्य कारणों से मरने वालों की संख्या 6 से अधिक है। इस तरह बीते वर्ष अस्पताल पुलिस सहायता केन्द्र द्वारा 227 शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है, जो वर्ष 2022 की तुलना में 10 मामले अधिक हैं। इन दिनों एएसआई सीआर पनागर व आरक्षक जागेश्वर सोरी अस्पताल सहायता केन्द्र में पदस्थ हैं।




### 227 मर्ग हुए कायम

जिला अस्पताल पुलिस सहायता केन्द्र के प्रभारी एएसआई सीआर पनागर ने बताया कि वर्ष 2023 में 1 जनवरी से 31 दिसंबर तक अस्पताल से मेमो प्राप्त होने पर मर्ग कायम कर पंचनामा की कार्रवाई पश्चात 227 शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है, जिसमें एक्सीडेंट व जहर सेवन से मरने वालों की संख्या अधिक है।

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठकों के लिए
पाठक पुरस्कार योजना-2023
हरिभूमि के सूधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### वाहन रोककर चालक से मारपीट, जांच शुरू

**कांकेर**। बड़ेतापाल निवासी 26 वर्षीय संदीप दर्रो पिता फूलसिंग दर्रो ने पुलिस को बताया कि वाहन चालक का काम करता हूं। 31 दिसंबर की रात लगभग साढ़े 11 रावघाट माईंस से कच्चा लोहा भरकर कुहचे रेलवे स्टेशन में खाली करके वापिस अंतागढ की तरफ आ रहा था, तभी टीव्हीएस शोरूम के पास आरोपी दीपेन्द्र नेताम उर्फ बिट्टू, राहुल यादव, खोगेश मण्डावी एवं अन्य लोगो के द्वारा मेरा वाहन क्रमांक सीजी 21 जे 0664 को रोककर गाली गलौज करने लगे। उसके बाद मुझे गाड़ी से उतारकर हाथ व लाठी डंडे से मारपीट किया। मारपीट करने वाले बहुत ज्यादा नशे की हालत में थे। मेरे द्वारा कई बार हाथ पैर जोड़ने पर भी उनके द्वारा मारपीट किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### शराब परोसा बुजुर्ग कोचिया पकड़ाया

**कांकेर**। नरहरपुर थानांतर्गत आमापारा कुरालठेमली निवासी 60 वर्षीय बिरझु राम यादव पिता पुरन यादव के कब्जे से पुलिस ने 2 जनवरी को पुलिस ने महुआ शराब को जप्त किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अवैध रूप से लोगो को महुआ शराब पिलाते हुए पकड़ा गया, जिसके कब्जे से 5 लीटर वाली जरकीन में भरा हुआ आधा लीटर महुआ शराब को जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### एक से दो युवकों ने की मारपीट, विवेचना शुरू

**कांकेर**। कोयलीबेड़ा थानांतर्गत स्कूलपारा बदरंगी निवासी 29 वर्षीय जनक लाल उसेंडी पिता सियाराम ने पुलिस को बताया कि 2 जनवरी को सुबह लगभग 11 बजें मेरे घर के सामने आरोपी बदरंगी निवासी संभूराम दुग्गा और सोहन दुग्गा आया और दोनो ने मिलकर मेरे साथ गाली गलौज कर मारपीट किया है, जिससे मुझे चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### फांसी झूले युवक की अस्पताल में मौत

**कांकेर**। पखांजुर थानांतर्गत आवासपारा पखांजुर निवासी 23 वर्षीय कमलेश उसेंडी पिता बुधराम की 2 जनवरी को शाम पौने 7 बजें ईलाज के दौरान सीएचसी पखांजुर में मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड ब्वाय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने फांसी लगा लिया था, जिसे ईलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

हेमलाल कौशल के हास्य प्रहसन से दर्शक हुए लोटपोट

# राग-अनुराग दुर्ग के रंगारंग कार्यक्रम में रातभर झूमे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





मंगलवार की रात्रि 10 बजे श्री हनुमंत नवयुवक मंडल गोकुलपुर द्वारा गोकुलपुर में दुर्ग के राग-अनुराग का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस सांस्कृतिक प्रोग्राम में दर्शक प्रहसन में हंस-हंस के लोटपोट हो गए। वहीं छत्तीसगढ़ी सामूहिक नृत्य देखकर दर्शक भी नाचने पर मजबूर हो गए। यह सिलसिला रात्रि 4 बजे तक चला।

श्री हनुमंत नवयुवक मंडल गोकुलपुर द्वारा श्रीराम नव वर्ष मिलन एवं सनातन सामाजिक समरसता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी विधानसभा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवनेंद्र साहू अध्यक्ष जिला साहू साहू संघ धमतरी ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि अविनाश दुबे भाजपा जिला महामंत्री धमतरी, निखिलेश देवान जिलाध्यक्ष जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी धमतरी, डॉ. नवीन साहू श्रीराम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी, डॉ. गौरव साहू श्रीराम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी, डॉ. चंद्रशेखर ध्रुवा यश डायग्नोसिस एवं सोनोग्राफी सेंटर धमतरी, भगवान सिंह यादव अध्यक्ष मोहल्ला विकास समिति गोकुलपुर वार्ड, सविता तोमन कंवर पार्षद गोकुलपुर वार्ड, धनीराम सोनकर पार्षद रामपुर वार्ड, ईश्वर सोनकर पार्षद महात्मा गांधी वार्ड थे।



कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान जी की महाआरती के साथ हुआ। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान किया गया। मंचीय कार्यक्रम के पश्चात छत्तीसगढ़ी फिल्म सितारों से सजे लोक कला मंच दुर्ग राग - अनुराग की प्रस्तुति हुई जिसका बड़ी संख्या में लोगों ने लुत्फ उठाया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू ने कहा कि मीडियाकर्मियों के इस आयोजन से समाज में अच्छा संदेश देता है। मीडिया सरकार और लोगों के बीच जुड़ाव का सबसे अच्छा माध्यम है। मीडिया के माध्यम से सरकारी नीतियां आमजन तक पहुंचती है। जनसमस्याओं को हल करने में शासन-प्रशासन को समाचार पत्रों, इलेक्ट्रॉनिक एवं वेब मीडिया से सहयोग प्राप्त होता है।

इस दौरान आयोजक समिति के अध्यक्ष उपेन्द्र साहू, लोकेश्वर साहू उपाध्यक्ष, टीकम साहू सचिव, वरूण साहू कोषाध्यक्ष, डोमार साहू, योगेन्द्र ध्रुव, योगेश्वर साहू, लुकेश्वर साहू, क्षितिज साहू, दुर्गेश साहू, रोमू साहू, हरीश साहू, डेविड साहू, हुमेन्द्र साहू, शिवनारायण साहू, मनीष साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## विधायक चंद्राकर ने की मृतक के परिजनों से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

पूर्व मंत्री एवं कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। श्री चंद्राकर ने मगरलोड ब्लॉक के ग्राम छिपली में स्व. दाऊ निर्मल सिंह साहू, ग्राम लुगे में स्व. सुरेंद्र साहू, नगर पंचायत मगरलोड में स्व. कृपाराम साहू के परिवारवालों से मुलाकात की।

## मेले में युवती से मारपीट युवक पर मामला दर्ज



**कांकेर**। चारामा थानांतर्गत पिपरौद में वार्षिक मेला के दिन गुपचुप ठेला के पास गुपचुप खा रही लड़की के साथ गांव के ही युवक ने मारपीट किया। घाटना की जानकारी लड़की ने अपने परिजन को दिया, जिसके बाद लड़की के पिता ने थाना में आरोपी युवक के खिलाफ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। थाना में शिकायत करने पहुंची पिपरौद निवासी 40 वर्षीय नरेन्द्र कोर्राम पिता स्व. भागीरथी कोर्राम ने पुलिस को बताया कि उसके तीन बच्चे दो बेटी और एक बेटा है। 2 जनवरी को गांव के मेला में दोनो बेटी घूमने गई थी। शाम करीबन 5 बजे दोनों बहने गुपचुप ठेला के पास खड़ी थी, उसी समय गांव का ही लड़का आरोपी पिपरौद निवासी सुनील मंडावी पिता आनंद मंडावी वहां आकर मेरी बड़ी लड़की महिमा के साथ गाली गौलज कर जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ हाथ थप्पड़ से मारपीट किया, जिससे मेरी लड़की के गाल में दर्द हो रहा है। घटना की जानकारी दोनों बहनें घर में आकर दिया। पिता अपनी बेटी को लेकर थाना पहुँचे और प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## आयुष्मान कार्ड से आयुष्मान बनी देवकुंवर

- संतोषी ने कहा, आयुष्मान कार्ड से उनकी सास देवकुंवर ने जीती जिंदगी की जंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासन द्वारा देश के गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना से गरीब वर्ग के लोगों को अब स्वास्थ्य खराब होने पर इलाज की चिंता नहीं रही है। यह योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है।

इन्हीं लाभान्वितों में से एक धमतरी जिले के ग्राम कंडेल की रहने वाली संतोषी बताती हैं कि उनकी सास देवकुंवर साहू को ब्रेस्ट कैंसर होने की खबर सुनकर वे काफी घबरा



गई थी कि इतनी बड़ी बीमारी का इलाज वह कैसे करायेंगी। मेहनत-मजदूरी कर घर-परिवार का पालन पोषण करने वाली संतोषी को फिर आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की याद आयी। फौरन उन्होंने अपनी सास का इलाज कराना शुरू कर दिया और आयुष्मान कार्ड से इलाज कराने के बाद वे स्वस्थ हो गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद करते हुए संतोषी कहती हैं कि कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि उनकी सास का कैंसर जैसी बड़ी बीमारी का इलाज आयुष्मान कार्ड से हो पायेगा। आयुष्मान कार्ड की वजह से उनकी सास देवकुंवर साहू ने अपनी जिंदगी की जंग जीत गई हैं।

ज्ञात हो कि कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के विभिन्न विकासखण्डों में प्रतिदिन संकल्प शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इन शिविरों में जहां जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस योजना के तहत पात्र बीपीएल परिवारों को 5 लाख रुपये तक एपीएल परिवारों को 50 हजार रूपये का स्वास्थ्य बीमा केंद्र सरकार मुहैया कराती है। परिवार को आयुष्मान गोल्डन कार्ड जारी किया जाता है। इस कार्ड को दिखाकर सूचीबद्ध अस्पतालों में फ्री इलाज कराया जा सकता है।

## एनसीआईबी का अधिकारी बनकर उगाही में शामिल कांकेर के दो युवा भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर





एनसीआईबी का अधिकारी बताकर उगाही करने वाले चार युवाओं और उनको संरक्षण देने वाले एक युवा को कुरूद पुलिस ने दबोचा। पाँचो युवाओं को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया, इन पाँच युवाओं में दो युवा सागर देवनाथ और कैलाश साहू कांकेर के निवासी है। जानकारी के अनुसार 30 दिसंबर 2023 की रात में कुरूद थानांतर्गत नारी में स्थित किरण रेस्टॉरेंट ढाबा में एक सफेद रंग की ब्रेजा कार कमांक सीजी 27 एम 8403 में 04 व्यक्ति सवार होकर प्रार्थी के दुकान के पास आकर, आईडी कार्ड दिखाकर, अपने आपको राष्ट्रीय अपराध जांच ब्यूरो यानी एनसीआईबी का अधिकारी बताकर दुकान की तलाशी करने लगे, दुकान के कांउटर में काम करने वाले कर्मचारियों के पीने के लिए रखे 04 पौवा देशी शराब रखा था, जिसे देखकर शराब बेचते हो कहकर धमकी दिए और कर्मचारी से मारपीट करते हुए अपनी ब्रेजा कार से 01 बोरी शराब निकालकर प्रार्थी के दुकान में रखकर फोटो लेकर जेल भेजने की धमकी देने लगे तथा मामले को रफा-दफा कराने के नाम पर प्रार्थी से 80 हजार रूपएं की माँग किया और कहा कि जब तक रूपएं नही दोगे, तब तक तुम्हे नहीं छोडेगें, कहकर प्रार्थी को बंधक बनाकर प्रार्थी के निवास स्थान दमानी कालोनी नयापारा जिला रायपुर लेकर गए। प्रार्थी द्वारा अपने घर से 15 हजार रूपएं नगद दिए, उसके बाद प्रार्थी को फिर से अपने गाडी में जबरदस्ती बैठाकर वापस ग्राम नारी लाकर छोडे और बाकी रकम 65 हजार रूपएं को 31 दिसंबर की सुबह 11 बजे धमतरी लेकर आना कहकर धमकी देने की रिपोर्ट पर थाना कुरूद में अपराध धारा पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों के कब्जे से एक नग ब्रेजा कार कमांक सीजी 27 एम 8403, होण्डा सिटी कार कमांक सीजी 06 जी क्यू 2003, नगदी रकम 12550 रूपएं, 05 नग मोबाईल सेट जप्त किया गया।

### प्रशिक्षण देने वाला भी गया जेल

चारों आरेपियों ने पुलिस को बताया कि 5 माह पूर्व कांकेर निवासी कैलाश साहू ने हम लोगों को एनसीआईबी में काम करने के लिए प्रशिक्षण दिया और प्रशिक्षण के दौरान कैलाश साहू ने हम सभी को बताया कि एनसीआईबी एक रजिस्टर्ड सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एनजीओ है, जो छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी स्थान पर अवैध शराब पकड़कर कार्यवाही कर सकते है। कुरूद पुलिस ने कैलाश साहू को जेल भेज दिया, इसकी पत्नी कांकेर थाना में प्रधान आरक्षक के रूप में कार्यरत है।

## न्यू इयर पार्टी मनाने वाले युवक की राड से पिटाई, आरोपी बाप-बेटा जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

साल के पहले दिन रात को लगभग 1 बजे के आसपास दोस्त के घर खाना खाकर वापिस अपने घर जा रहे सूर्यश नेताम को न्यू ईयर पार्टी मनाने वाले युवक ने रोका और उसके बाद उसके साथ मारपीट किया। मारपीट के शिकार हुए युवक ने अपने पिता को बुलाया, आरोपियों ने युवक के पिता पर भी हमला बोल दिया। अंतागढ़ पुलिस ने बाप व बेटे पर हमला बोलने वालों पर मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। अंतागढ़ पुलिस को प्रार्थी सुर्यश नेताम ने बताया कि मैं 1 जनवरी को रात्रि लगभग 1 से डेढ़ बजे के मध्य अपने मित्र सोनू साव के



घर से खाना खाकर वापिस अपने घर आ रहा था, तभी रामसेवक दुग्गा श्यामनगर अंतागढ के घर के पास कुछ लोग डीजे बजाकर नाच रहे थे, मैं वहां से गुजर रहा था तो मुझे चिल्लाकर रूकने बोले, मैं रूक गया उसके बाद राहुल यादव नाम के एक लडके ने मुझे पूछा कि तू कौन है और कहां का है कहकर मुझसे गाली गलौज करने लगा। वह नशे में चूर था उसके बाद वह मुझे गाली देते हुए मारपीट करने लगा कुछ देर बाद अपने पिता को फोन करके बुलाया। आरोपी राहुल का पिता धारदार हथियार लेकर आया और सीधे मेरे सिर में वार कर दिया, जिससे मेरे सिर से खून निकलने लगा और मैं जमीन पर गिर गया।

पुलिस ने अपराध दर्ज किया और विवेचना में पाया गया कि राहुल यादव व टिकेश्वर यादव के द्वारा सुर्यश नेताम को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए लोहे का बंड़ा लहराकर लोहे के बंडा से सुर्यश नेताम के सिर पर वार किए, जिससे सुर्यश नेताम के सिर पर चोट लगा है। गवाहों के कथन के आधार पर प्रकरण में धारा 3(2) (वी) (क) एससी/एसटी एक्ट, 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़ा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा-निर्देशन, एएसपी खोमन सिन्हा एवं एसडीओपी अंतागढ़ अमर सिदार के मार्गदर्शन में टीम गठित कर आरोपियों का पता तलाश किया गया। मुखबिर सूचना मिला कि आरोपीगण अपने सकुनत पर छिपे हुए है, जिन्हे दबिश देकर पकड़े और आरोपी राहुल यादव और टिकेश्वर यादव को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपराध कबूल करने पर आरोपियों का मेमोरण्डम कथन लिया गया मेमोरण्डम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त लोहे के बंडा को आरोपी टिकेश्वर यादव के कब्जे से बरामद कर जप्त किया गया है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।




## हिट एंड रन की अफवाह पर पुलिस पोस्टर जारी, एसपी ने किया खुलासा

- दुर्घटना की समय पर जानकारी देना चालक की नैतिक ही नहीं कानूनी जिम्मेदारी होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



हिट एंड रन को लेकर भारतीय न्याय संहिता की नई धारा 106 (2) को लेकर अचानक अफवाह फैला दी गई और ट्रक एवं बस के चालकों ने दो दिनों तक हड़ताल कर दिया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि अफवाह से बचें और नई धारा के बारे में जरूर जानें। कांकेर पुलिस ने एक पोस्टर भी जारी किया है, जिससे नई धारा को लेकर फैली अफवाह का खुलासा किया है। जानकारी के अनुसार देश में हिट एंड रन के मामले बढ़ रहे हैं, इसलिए भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (2) के तहत एक नया प्रावधान किया गया है। वर्तमान में हिट एंड रन के मामले, जिसके परिणामस्वरूप लापरवाह और लापरवाह ड्राइविंग के कारण मृत्यु होती है, आईपीसी की धारा 304 (ए) के तहत मामले दर्ज किए जाते हैं, जिसमें अधिकतम 2 साल की कैद की सजा होती है। वर्ष 2021 की दिल्ली रोड क्रैश रिपोर्ट के अनुसार 555 मामले (कुल मामलों का 46.01 प्रतिशत) थे, जहां अपराध में शामिल वाहनों की पंजीकरण संख्या अज्ञात था, जो हिट और रन के मामले को दर्शाता है। सुप्रीम कोर्ट ने कई मामलों में बढ़ती वाहन दुर्घटना के मद्देनजर कानून की अपर्याप्तता पर टिप्पणी किया। इस मुद्दे के निराकरण को लेकर खंड 106(2) के तहत नया प्रावधान पेश किया गया है जो लंबे समय से लंबित था। धारा 106(2) को हिट एंड रन दुर्घटनाओं को कवर करने और दुर्घटना की तुरंत रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के लिए पेश किया गया है। इसे वर्ष 2019 में मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में पेश किए गए शब्द 'गोल्डन ऑवर' के भीतर पीड़ित को बचाने के उद्देश्य से पेश किया गया है।

### चालक आखिर क्या करें

किसी चालक से एक्सीडेंट हो जाता है तो वह अपने मोबाइल से डायल 112, पुलिस अधिकारी अथवा मजिस्ट्रेट को जानकारी देवें या थाने में स्वयं जाकर जानकारी दें, ताकि घायल को समय पर इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा सके। इससे वाहन चालक को भी कानून राहत मिल सकेगी। यहां यह समझना आवश्यक है कि सड़क दुर्घटना से घायल व्यक्ति स्वयं वाहन चालक हो सकता है, उसके परिवार के सदस्य भी हो सकतें है, इसलिए सड़क दुर्घटना की समय पर जानकारी दिया जाना अब वाहन चालक की नैतिक नहीं बल्कि कानूनी जिम्मेदारी होगी, इसलिए कानून में लाए गए इस मानवीय पहलुओं को समझते हुए इसका विरोध नहीं करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### गरीबों के रोजगार पर भाजपा चला रही बुलडोजर : सोमेश



**धमतरी।** कांग्रेस पार्षद दल के प्रवक्ता सोमेश मेश्राम ने अपने बयान में कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही अवैध अतिक्रमण को तोड़ने की कार्रवाई नगर निगम द्वारा की जा रही है। अंबेडकर चौक से रुद्री तक सड़क किनारे व्यवसाय करने वाले लोगों के रोजगार पर बुलडोजर चलाया गया। आगे कहा कि कांग्रेस के 5 वर्ष के कार्यकाल में पूरे अमन, चैन, शांति के साथ सभी को रोजगार करने की स्वतंत्रता थी लेकिन भाजपा ने अपना दोहरा चरित्र दिखाना चालू कर दिया है। सिहावा चौक में भी कुछ दिनों पूर्व गरीबों को बेरोजगार कर दिया गया है। आगामी समय में ऐसे भेदभावपूर्ण करवाई होती है तो कांग्रेस का पार्षद दल सड़क की लड़ाई लड़ेगा। निगम के अधिकारी कर्मचारी जनहित के कामों पर ध्यान दें न कि किसी व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के लिए सत्ता के दबाव में काम करें।

### दिनेश साहेब ने अंधविश्वास एवं ब्राह्य आडंबर पर किया प्रहार

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम जुनवानी में ईशुराम गौटिया के दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में सत्संग समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता दिनेश साहेब ने धर्म, आध्यात्म के नाम पर चल रहे अंधविश्वास एवं ब्राह्य आडंबर पर करारा प्रहार किया। समारोह में टकसार साहेब, दिल्ली, लौटन साहेब, घनश्याम साहेब, रमेश साहेब डोमा कबीर आश्रम, क्षेमेन्द्र साहेब, बलवान साहेब, रघुवर साहेब, रामशरण साहेब, साध्वी सुश्री प्रगति साहेब, राधा साहेब, लता साहेब, सीमा साहेब, सान्निध्या साहेब, दर्शना साहेब, ब्रह्मदेव साहेब, पुनीत साहेब, निरसन साहेब शामिल हुए।

### अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

**कुरूद।** जनपद पंचायत कुरूद अंतर्गत जनपद क्षेत्र क्रमांक 9 ग्राम मोंगरा में शीतला मंदिर परिसर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य लागत राशि 3 लाख 50 हजार का भूमिपूजन सभापति रविन्द्र साहू के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर आमनी साहू सरपंच, नागेश साहू, सोहन साहू, मेवा साहू उपस्थित थे।

## निधन

### रामचरण अग्रवाल



**धमतरी।** श्री अग्रवाल समाज धमतरी के संरक्षक, टिम्बर राइसमिल व्यवसायी एवं गोविंदी देवी चेरीटेबल ट्रस्ट सांकरा (गौशाला) के संचालक रामचरण अग्रवाल 67 वर्ष का अस्वस्थता के चलते रायपुर में निधन हो गया। निवास स्थान औद्योगिक वार्ड से बुधवार की दोपहर अंतिम यात्रा निकली। गौशाला सांकरा में अंतिम संस्कार किया गया। वे समाजसेवी स्व. विद्यासागर अग्रवाल के पुत्र, कांग्रेस के प्रदेश कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल के बड़े भाई तथा प्रतीक के पिता एवं वैभव के बड़े पिता थे। उनके निधन से अग्रवाल समाज में शोक की लहर छा गई। टिम्बर एवं राइस मिल व्यवसायियों ने भी निधन पर दुख प्रकट किया है।

### भैदूप्रसाद तिवारी



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम गुजरा के बिजली मिस्त्री भैदू प्रसाद तिवारी का आकस्मिक निधन हो गया। वे सरल व्यक्ति थे। गांव के सभी लोगों के साथ उनका व्यवहार अच्छा था। उनके निधन पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमरदीप साहू, जिला पंचायत सदस्य गोविंद साहू, पूर्व जनपद सदस्य हीरा जानकी साहू, सरपंच श्रीमती शांति बाई ध्रुव, विक्रम ध्रुव समेत अनेक जनप्रतिनिधियों ने संवेदना व्यक्त की है।

कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने अधिकारियों की बैठक लेकर सौंपी जिम्मेदारी

# एकलव्य खेल मैदान में होगा गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह

**अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को होगी, निकलेंगी विभागीय योजनाओं को दर्शाती झांकियां**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को पूरी गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने बीते दिन कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह जिला मुख्यालय स्थित डॉ. शोभाराम देवांगन स्कूल के एकलव्य खेल मैदान में आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी कार्यालयों में 26 जनवरी की सुबह 7.30 बजे तक ध्वजारोहण कर लिया जाए और अधिकारी सुबह आठ बजे कलेक्टोरेट में ध्वजारोहण के लिए उपस्थित हों।

मुख्य समारोह के लिए अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को सुबह 9 बजे डॉ.शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के एकलव्य खेल मैदान में की जाएगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमति रोक्तिमा यादव, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, संयुक्त कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी, नगर निगम आयुक्त विनय पोयाम, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री रघुवंशी ने अपर कलेक्टर जीआर मरकाम को गणतंत्र दिवस समारोह की सम्पूर्ण व्यवस्था और कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी। वहीं पुलिस विभाग को ध्वजारोहण के बाद मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण हेतु वाहन व्यवस्था, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार और शहीद परिवार को निमंत्रण देने, ध्वज की व्यवस्था सहित परेड निरीक्षण और निर्धारित प्रोटोकॉल की व्यवस्था करने का जिम्मा दिया। इसी तरह लोक निर्माण विभाग और जल संसाधन को समारोह स्थल में बैरिकेटिंग, मैदान समतलीकरण, रंग-रोगन, मार्च पास्ट ट्रेक निर्माण और मुख्य अतिथि की बैठक व्यवस्था करने कहा गया। लोक निर्माण, जल संसाधन, महिला एवं बाल विकास और आयुक्त नगरपालिक निगम धमतरी को संयुक्त रूप से शामियाना, पंडाल, कनात सहित अतिथियों और गणमान्य नागरिकों के लिए कुर्सी की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। वन विभाग द्वारा आवश्यक बांस-बल्ली और मार्च पास्ट एवं झांकी के लिए अलग-अलग पुरस्कार की व्यवस्था की जाएगी। आयुक्त, नगरपालिक निगम धमतरी द्वारा समारोह स्थल में पानी पिलाने के लिए कर्मचारियों और परेड ग्राउण्ड की साफ-सफाई की व्यवस्था की जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को एम्बुलेंस, पैरामेडिकल, औषधियां और स्वास्थ्य अमले की व्यवस्था करने का दायित्व कलेक्टर श्री रघुवंशी ने सौंपा है। समारोह की सम्पूर्ण व्यवस्था के लिए लोक निर्माण, आयुक्त, नगर निगम धमतरी जिम्मेदार होंगे और वे सभी संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य सम्पादित करेंगे। ध्वजारोहण के बाद पुलिस और नगर सैनिकों की टुकड़ियों द्वारा सलामी के लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं। समारोह स्थल पर फायर ब्रिगेड की व्यवस्था जिला कमाण्डेंट नगर सेना धमतरी द्वारा की जाएगी। मुख्य समारोह में जिले के 15 विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं को दर्शाती झांकियां निकाली जाएगी। स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरण, निमंत्रण पत्र वितरण फोटो एवं वीडियोग्राफी सहित अन्य सभी आवश्यक तैयारियां समय पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर श्री रघुवंशी ने संबंधित अधिकारियों को दिये है।



## बरारी में महुआ शराब का कारोबार चरम पर

- एसपी से लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत बरारी में अवैध शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग एसपी से की गई है। सरपंच सुनीति ध्रुव, उपसरपंच ताम्रध्वज सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा है कि ग्राम बरारी एवं आश्रित ग्राम कोटाभर्री में भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बनाकर उसका विक्रय किया जाता है। इससे गांव का माहौल प्रतिदिन खराब होते जा रहा है।

ज्ञापन में आगे कहा है कि ग्राम विकास समिति एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा पूर्व में शिकायत आवेदन दिया गया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। इससे अवैध शराब बनाने एवं बेचने वाले बेफिक्र नशे का अवैध कारोबार कर रहे हैं। ग्रामीणों ने दोषियों पर उचित कार्रवाई करने की मांग एसपी से की है।

## श्रद्धा और नाहिद का आल इंडिया इंटरयूनिवर्सिटी में चयन





हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

संत गुरू घासीदास शाकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के बीपीएड तृतीय सेमेस्टर की छात्र कुमारी श्रद्धा निषाद एवं कुमारी नाहिद का चयन आल इण्डिया इंटरयूनिवर्सिटी जूडो महिला प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विगत दिनों रायपुर संभाग के विभिन्न महाविद्यालयों के जूडो खिलाड़ियों की अं.महा.विद्या. स्तरीय प्रतियोगिता कुरूद महाविद्यालय में हुई थी जिसमें कुरूद महाविद्यालय की खिलाड़ी कुमारी श्रद्धा निषाद एवं कुमारी नाहिद ने अलग-अलग वजन वर्ग में अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया था। उसके बाद उनका चयन आल इण्डिया इंटरयूनिवर्सिटी जूडो महिला प्रतियोगिता के लिए हुआ है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. डीके राठौर, क्रीड़ा अधिकारी अमित टण्डन, क्रीड़ा समिति के सदस्य हरिराम साहू, सुश्री चित्रमणी श्रीमाली, प्राध्यापक डॉ. एनके मेश्राम, एमएस साहू, डॉ. आरके पाण्डेय, श्रीमती सरस्वती घृतलहरे, बीआर देवांगन, डॉ. ओमजी गुप्ता, डॉ. तरूण कुमार पटेल, हितनारायण टण्डन, डॉ. फिरोज सोनवानी, राकेश कुमार सोनकर, शीबा वंजारी, कृपाराम साहू, पवन ताम्रकार, सुश्री रेणु पाटले, डॉ. विक्रम सिंह, लीना दिली, विजय कुमार, कौस्तुभ तिवारी, नरोत्तम कुमार, नीलकंठ, एचआर उईके, तेजराम सिन्हा, वायआर उईके, केआर डहरे, ढालू राम साहू, लुकेश विश्वकर्मा, घनश्याम यादव, रवि कुमार साहू, किशोर साहू, डिगेश्वर बैस एवं महाविद्यालयीन कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेंडर का अजय ने किया विमोचन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा धमतरी के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने किया। संगठन के सदस्यों ने विधायक को पुष्पगुच्छ भेंटकर जीत की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जिला संरक्षक राजेंद्र चंद्राकर, अध्यक्ष चंदूलाल चंद्राकर एवं तहसील अध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने विधायक से तहसील शाखा कुरुद में प्रस्तावित जगह में कर्मचारी भवन के निर्माण के लिए 20 लाख रूपये स्वेच्छानुदान की मांग की। संगठन के प्रतिनिधियों ने कर्मचारियों की विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को रखा। कार्यक्रम में केके बैस महेन्द्र साहू, उत्तम साहू, ममता ध्रुव, सुमन शर्मा, अविनाश साहू, टीएल कोसले, राजेश साहू, देव कुमार, नरेन्द्र साहू, पवन बांसकर, भुनेश्वर साहू, लक्ष्मीनारायण उपस्थित थे।

## नपं मगरलोड के युवाओं ने किया भाजपा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने विगत दिनों मगरलोड ब्लॉक का दौरा किया। इस दौरान नगर पंचायत के युवाओं ने भाजपा की रीति-नीति एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्य से प्रभावित होकर पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के समक्ष भाजपा प्रवेश किया। स्व. कृपाराम साहू के पुत्र तिलक साहू के नेतृत्व में लगभग 50 युवाओं ने भाजपा का दामन थामा। श्री चंद्राकर ने भाजपा का गमछा भेंटकर स्वागत किया। प्रवेश करने वालों में तिलक साहू, शैलेंद्र राव, विरेंद्र साहू, छत्रपाल साहू, खिलावन साहू, देवेंद्र साहू, प्रमोद साहू, ईश्वर साहू, गोपाल सिन्हा, स्वरूप देशपांडे, लोकेश साहू सहित अनेक युवा शामिल है।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यदु, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, जिला महामंत्री चेतन साहू, टीकम साहू महिला मोर्चा युवा मोर्चा के सदस्य उपस्थित थे।

## सेमरा बी में कलश यात्रा के साथ शिवपुराण कथा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



ग्राम सेमरा (भखारा)में स्व. झाडू राम साहू, स्व. नारायण साहू, स्व. श्रीमती सुखवंतीन बाई साहू, स्व. अमरूद साहू, स्व. दीनू साहू की स्मृति में माधवराम साहू परिवार द्वारा आयोजित शिव पुराण महायज्ञकथा का कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। 2 से 9 जनवरी तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। मंगलवार की दोपहर कथा का शुभारंभ हुआ। बाजे-गाजे के साथ बच्चों और महिलाओं ने कलश धारण कर गांव का भ्रमण किया। भ्रमण के बाद पुनः कथा स्थल पहुंचे। प्रवचनकर्ता श्री श्री 1008 श्री संत बालयोगी सर्वेश्वरानन्द सरस्वती ने भगवान भोलेभंडारी शिव की कथा बताई। पहले दिन शिवमहापुराण की बैठती चंचुला प्रसंग का रसपान कराया।

दूसरे दिन बुधवार को भगवान शंकर का प्राकट्य, शिवपूजन का महाकाव्य सुनाएंगे। कुरुद के विधायक अजय चन्द्राकर को भी आयोजकों ने आमंत्रित किया है। कलश यात्रा में माधवराम साहू, अमरसिंग साहू, गोविंद साहू, मदन साहू, कान्हा साहू, ईश्वर साहू, कन्हैया साहू, कुमलेश्वर साहू, लखन सिन्हा, तामेश्वर साहू पत्नीक सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## जनमन योजना से संवरेगी कमार व भुंजिया जनजाति की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों की घटती जनसंख्या, कमजोर आर्थिक और सामाजिक स्थिति को संवारने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जनमन योजना लागू की है। महेंद्र नेताम भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछड़ी जनजाति की बसाहटों को संवारने के लिए पहली बार विकास के लिए बजट में अलग से प्रावधान किया गया है। नगरी विकासखंड के कमार एवं भुंजिया जनजाति के लोगों को इस योजना का लाभ मिलेगा। इस योजना को प्रधानमंत्री जनमन योजना कहा गया है। इसके तहत इन पिछड़े कमजोर वर्ग के परिवारों को आवास का प्रावधान, पेयजल, सड़क, मेडिकल सुविधा, पोषण आहार, सोलर सिस्टम से घरेलू और सार्वजनिक विद्युतीकरण, विद्यालय-छात्रावास, मोबाइल नेटवर्किंग सुविधा सहित 11 मूलभूत सुविधाओं को शामिल किया गया है। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारीयों को मिशन मोड में काम करने निर्देशित किया गया है।

## कुरूद के कलाकारों ने बनाई फिल्म

**कुरूद।** नगर के कलाकारों ने एक फिल्म बनाई है जिसकी काफी प्रशंसा की जा रही है। आज से करीब 2 वर्ष पूर्व यूट्यूब पर डैमेज पार्ट वन रिलीज हुई थी जिसे कुरूद की जनता ने काफी पसंद किया था। लोगों की फरमाइश पर उन्हीं कलाकारों ने अभी डैमेज पार्ट 2 एक फिल्म बनाई है। इस फिल्म को 25 दिसंबर 2023 को यूट्यूब पर प्रसारित किया गया था। लोगों की मांग पर इस फिल्म को पुराना बाजार चौक दुर्गा मंच पर बड़े प्रोजेक्टर पर दिखाया गया था। फिल्म देखने के लिए लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। लोगों ने कलाकारों के अभिनय को खूब सराहा। कबीर के रोल में प्रियांशु, शेट्टी के रोल में मयंक, बब्बन के रोल में युगल की खूब तारीफ की गई। इसके अलावा भानु चंद्राकर, नरेश बारदियानी, कमल शर्मा, पंकज, आकाश, दिव्यम, मानव, गुलशन, ऋषभ, हिमांशु, लकी, नेहाल, सोम ,विकी, आरव, बिट्टू, शुभ, रवि, तिरेंद्र, कृष ने भी अहम भूमिका निभाई है।



## पीडीएस घोटाले की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गरीबों को बांटे जाने वाले चावल में जमकर गड़बड़ी की गई है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल से करते हुए युवा मोर्चा के आशीष सिंह ने कार्रवाई की मांग की है।

श्री सिंह ने बताया कि कांग्रेस के शासनकाल में पीडीएस के चावल में जमकर घोटाला किया गया है। गरीबों को चावल वितरण के बाद इसकी खरीदी बिक्री का खेल खूब चला। उन्होंने बताया कि कस्टम मिलिंग के लिए राइस मिलर्स को धान जारी किया जाता है। इस धान को मिलर्स फ्री सेल में खपा देते हैं। इसके बाद गरीबों के कोटे के खरीदे गए चावल को कस्टम मिलिंग का चावल बताकर फिर से नान के गोदामों में जमा करते आ रहे हैं। पांच साल में इस प्रकार की गड़बड़ी से शासन को अब तक अरबों रुपए का चूना लगाया जा चुका है। उन्होंने इस मामले की जांच कर दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



## खबर संक्षेप

### जोधापुर में मड़ई 19 जनवरी को

**धमतरी।** शहर के जोधापुर वार्ड में वार्डवासियों के सहयोग से 19 जनवरी शुक्रवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। आशीष रात्रे ने बताया कि रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजन की तैयारी में योगेश्वर सिंह चौहान, विनय डहरिया, प्रीतम सिन्हा, गोविंद साहू, ईश्वर साहू ,संत कुमार साहू, दीपेश साहू समेत अन्य जुटे हैं।

### लिमतरा में मानसगान सम्मेलन 12 से



**धमतरी।** मर्यादा पुरुषोत्तम के आदर्शों को जन-जन तक पंहुचाने के उद्देश्य से श्री अनुराग मानस प्रचार समिति शीतला चौक लिमतरा में 12, 13, एवं 14 जनवरी को मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की तैयारी में कार्तिकराम साहू, भावेंद्र अग्रवाल, घनश्याम, कोमलराम, दिनेश ध्रुवंशी, शिक्षक घनश्याम सिंह साहू जुटे हुए हैं।

### जीजामगांव में रामायण सम्मेलन 2 फरवरी से

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम जीजामगांव में 2 से 4 फरवरी तक रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गया है। 5 फरवरी सोमवार को मड़ई होगी। रात्रि में मनोरंजन के लिए मयारू मोर नाचा पार्टी लाटाबोड़ जिला बालोद पद्मश्री अवार्ड की प्रस्तुति होगी। आयोजक समिति ने बताया कि प्रतिदिन 8 से 10 बजे रात तक स्कूली छात्र-छात्राओं का संगीत कार्यक्रम होगा। रामायण मंडली के लिए प्रवेश शुल्क 151 रुपए है। मंच संचालक दीनूदास बघेल, रोशन ठेला, संतराम साहू होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष संतराम साहू, कोषाध्यक्ष देवचरण चंद्राकर, उपाध्यक्ष रोहित साहू, सचिव अशोक साहू सहित ग्रामीणजन जुटे हुए हैं।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ में संचालित सभी शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई, पॉलीटेक्निक में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी, जो आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, उनसे शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण के लिए वेबसाईट पोस्टमेट्रिक - स्कालरशिप डाट सीजी डाट नीक डाट इन पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु 15 जनवरी तक, ड्रॉफ्ट प्रपोजल लॉक करने की तिथि 25 जनवरी तक और सेंक्शन ऑर्डर लिक-लॉक करने के लिए 10 फरवरी तक की तिथि निर्धारित की गई है।

पिछले 4 वर्षों से रूद्री मैदान में युवाओं को दे रहे देश सेवा की ट्रेनिंग

# कभी सरहद की करते थे रखवाली, अब समाजसेवा में जुटे लुकेश्वर



यशंवत साहू ▶▶धमतरी



हरिभूमि विशेष

सरहद पर रहकर देश सेवा करने वाले सैनिक लुकेश्वर साहू अब रिटायर होकर समाज की सेवा में जुट गए हैं। बच्चों को सैनिक ट्रेनिंग देने के साथ महानदी की सफाई में विगत पांच साल से जुटे हुए हैं। नशामुक्ति अभियान, यातायात सड़क सुरक्षा, मतदाता जन जागरूकता, ब्लड डोनेशन जैसे जनकल्याणकारी कार्यों से जुड़कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। रिटायर्ड फौजी लुकेश्वर साहू ने बताया कि 2004 से 2020 तक देश सेवा करने के बाद युवाओं को सेना में जाने के लिए प्रेरित किया। निःशुल्क सेना ट्रेनिंग के बारे में जागरूक किया। वे पिछले 4 वर्षों से रूद्री ग्राउंड में बच्चों को ट्रेनिंग दे रहे हैं। इसके अलावा दर्जनों गांवों में ट्रेनिंग सेंटर की शुरुआत की। अभी तक 2500 बच्चों को ट्रेनिंग दे चुके हैं। फलस्वरूप 500 से अधिक युवा सेना में सिलेक्ट हो गए हैं। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग की व्यवस्था निःशुल्क करते हैं। उनके रहने और खाने-पीने की व्यवस्था के लिए हॉस्टल की सुविधा भी दे रहे हैं।

बता दें कि रिटायर्ड फौजी लुकेश्वर साहू के नेतृत्व में पिछले 4 वर्षों से महानदी स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। वर्षों की गंदगी को उनकी टीम ने एक ही वर्ष में साफ कर दिया। अब रूद्रेश्वर स्थित महानदी घाट पूरी तरह साफ सुथरा दिख रहा है। स्कूल-कालेज में अग्निवीर के बारे में जागरूकता अभियान भी निरंतर चला रहे हैं। प्रतिदिन सुबह 4 बजे से 7.30 बजे तक बच्चों को कसरत, व्यायाम, योग, आसन, प्राणायाम के बारे में प्रशिक्षण दे रहे हैं। फलस्वरूप 500 से भी ज्यादा युवा सेना के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में सेवा दे रहे हैं। 35 से अधिक युवा नेशनल प्लेयर बने हैं। लुकेश्वर ने बताया कि महानदी की सफाई के लिए अपनी पेंशन की राशि से नाव खरीदी है। परिणामस्वरूप 40 वर्षों से व्याप्त गंदगी उनके अथक प्रयास से साफ हुई है। लोगों को धर्म से जोड़े रखने नित्य सुबह-शाम महानदी की आरती करवाते हैं। सभी धर्मप्रेमी प्रतिदिन आरती में उपस्थित होते हैं।

## सीएम साय से समाजसेवी पं. राजेश शर्मा ने की मुलाकात



**धमतरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से नगर के भाजपा नेता व समाजसेवी पं. राजेश शर्मा ने भेंटकर धमतरी के विकास से संबंधित विषयों पर चर्चा की। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी और 3100 रुपये समर्थन मूल्य, अन्न योजना पर लिए गए फैसले पर प्रदेश के मुखिया और प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर आभार व्यक्त किया। पं. शर्मा के साथ बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के निज सचिव, राकेश निर्वाण, निज सहायक शैलेंद्र कौशिक एवं जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव उपस्थित थे।

### सारंगपुरी में मड़ई 6 को

**धमतरी।** ग्राम सारंगपुरी में 6 जनवरी को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्राम बंजारी राजनांदगांव का नाचा कार्यक्रम होगा। यह जानकारी धनेश्वर साहू ने दी है।

### सोरम में 6 एवं 7 को मानसगान

**धमतरी।** छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम सोरम में 6 एवं 7 जनवरी को मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रदेश की ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियां भाग लेंगी।

## सिहाद को मिला ओडीएफ मॉडल का प्रमाण-पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶भखारा

ग्राम पंचायत सिहाद में हमारा संकल्प विकसित भारत शिविर आयोजित किया गया जिसमें ग्राम सिहाद को ओडीएफ मॉडल ग्राम पंचायत बनने का प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ उठाएं : चंदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶भखारा

पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना चलाई जा रही है। नगर पंचायत भखारा के मुख्य नगरपालिका अधिकारी चंदन मानकर ने कहा कि योजना का लाभ उठाकर अपने जीवन को प्रगतिशील बनाएं।

इस योजना में 13 हजार करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान है। पहले चरण में एक लाख तक और दूसरे चरण में 2 लाख तक की लोन सहायता महज 5 प्रतिशत की ब्याज दर पर है। हितग्राही नजदीकी चॉइस सेंटर में अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## पीपरछेड़ी में 5 जनवरी से रामकथा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

ग्राम पीपड़छेड़ी देमार में 5, 6 और 7 जनवरी को रामकथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संतोष हिरवानी सरपंच करेंगे। 5 जनवरी को ओम निखलम मानस परिवार पीपरछेड़ी, सरस्वती महिला मानस मंडली पीपरछेड़ी, जय कारी पाठ मानस मंडली शिवानी अभनपुर, जय भारत मानस मंडली दरगाह देवपुर, जय सरस्वती महिला मानस मंडली सनौद, श्रीराम बाल समाज मंडली मड़ईभाटा, जन जागरण मानस मंडली अमलीडीह, 6 जनवरी को श्रद्धा सुमन महिला मानस मंडली पीपरछेड़ी, जय सिद्धेश्वर मानस मंडली देवर तिल्दा बलौदाबाजार, हंसवाहिनी मानस परिवार डंगरिया चंपारण, लक्ष्मी महिला मानस मंडली कुल्हाड़ी कुरूद, जय गुरुदेव हरि कीर्तन मानस मंडली कुठेरा दरार गरियाबंद, उमाशंकर मानस मंडली दुर्ग, पारसमणि मानस मंडली पुरानी बस्ती रायपुर, 7 जनवरी को धरती के सिंगर मानस मंडली पीपरछेड़ी, बरखा रानी मानस परिवार कांकेर, द्रौपदी मानस मंडली छोला महासमुंद, प्रज्ञा बालिका मानस परिवार बैठना, समर्पण मानस मंडली बकरी कुरूद, बसंत मानस मंडली घुसपाल, प्रेम पीयूष मानस परिवार विजयतला राजनंदगांव अपनी प्रस्तुति देगी।

### 8 को होगा मड़ई मेला

मंच संचालन थानूराम देवांगन करेंगे। 8 जनवरी सोमवार को मड़ई मेला का कार्यक्रम होगा। रात्रि में राधा कृष्ण लोक कला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम डरबजरी महाराष्ट्र का कार्यक्रम होगा।

ग्रामवासियों के सहयोग से मानस गान स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। इसकी तैयारी में संरक्षक थानेश्वर सिंह, राम आधार साहू, आनंद ओझा, उत्तम साहू, भागवत राम साहू, अध्यक्ष नीलकंठ अग्रवाल, उपाध्यक्ष लालाराम सिंह, कोषाध्यक्ष संतोष साहू, सचिव मुरली साहू, सह सचिव शैलेंद्र साहू समेत निखिल मानस परिवार धरती श्रृंगार, मानस मंडली सरस्वती महिला मानस मंडली, श्रद्धा सुमन मानस मंडली, ग्रीन आर्मी महिला कमांडो, नव जागरण दुर्गा उत्सव समिति बाल समाज लीला मंडली, जय माता दी सेवा समिति, जय मातेश्वरी, जय झांकी समिति, राजीव युवा मितान क्लब, जय बजरंग दल समिति के सदस्य जुटे हैं।

## बैसाखी के सहारे कट रही जिंदगी

- ट्राइसिकल और कृत्रिम पैर के लिए दूजराम ने प्रशासन से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुकरेल(धमतरी)



ग्राम सलोनी निवासी दूजराम ध्रुव की जिंदगी अव्यवस्था से ग्रसित हो चुकी है। दो साल पहले इन्फेक्शन के कारण उसके बायें पैर को काटना पड़ा था तब से अपाहिज होकर बैसाखी के सहारे कुछ दूर चल फिर लेता है लेकिन शासन-प्रशासन की नजर इस गरीब पर नहीं पड़ी। इस कारण से न तो ट्राइसिकल मिल पाई है न ही कृत्रिम पैर।

दूजराम ध्रुव ने जिला प्रशासन तथा समाज कल्याण विभाग से सहायता की मांग की है। ज्ञात हो कि दूजराम गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करता है । उसका बेटा दूसरे के घर कार्य करके पूरे परिवार का भरण- पोषण करता है। उनमें इतनी क्षमता नहीं कि ट्राइसिकल या कृत्रिम पैर खरीद सके। दूजराम ने कलेक्टर से सहयोग की अपेक्षा की है।

## छाती में राम मंदिर निर्माण के लिए 22 को भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी

ग्राम छाती में श्रीराम जानकी मंदिर का निर्माण वर्षों पूर्व किया गया था जो अब पुराना हो गया है। अब नई पद्धति व तकनीकी से श्री राम मंदिर का निर्माण होना है, जिसका 22 जनवरी को भूमिपूजन किया जायेगा।

इस संबंध में श्रीराम जानकी मंदिर ट्रस्ट की बैठक की गई। निर्णय लिया गया कि अयोध्या में 22 जनवरी को श्री रामलला की मूर्ति स्थापित की जायेगी। इसी दिन मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन पंडितों द्वारा किया जाएगा। साथ ही अयोध्या से प्राप्त अक्षत कलश को गांव में वितरण किया जायेगा। हर घर दीए जलाने की अपील भी की जायेगी। यह जानकारी नरेंद्र कुमार साहू श्री राधे कृष्णा मानस परिवार छाती ने दी है।




## छिपली में हनुमान जी की हुई प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ग्राम छिपली में ग्रामीणों द्वारा मंदिर का निर्माण कर पूजा-अर्चना कर हनुमान जी की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष महेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष किशन साहू, योगेन्द्र साहू, सचिव चुन्नीलाल साहू, सहसचिव राजेश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष सुकालु राम साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## दरगहन में श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)



दरगहन में श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ का आयोजन किया गया है। कथा महा महोत्सव के सप्तम दिवस पंडित झम्मन शास्त्री ने कहा कि सब लोगों का हित करने वाला ही सच्चा व्यक्ति है। राजनीति पर उन्होंने कहा कि आज राजनीति दूषित हो चुकी है। राजनेता ऐशो आराम से रहते हैं और जनता तकलीफ में है।

आगे कहा कि भागवत कथा इतिहास का बखान करने वाला सबसे उत्तम ग्रंथ है। आज देश में देश की सुरक्षा के लिए सिपाहियों पर करोड़ रुपए खर्च किए जाते हैं जबकि श्री रामचंद्र की सेना में शामिल सैनिकों ने भावनात्मक रूप से जुड़कर लंका जीत ली। संस्कार और वचनों के क्रियान्वयन की सीख राजा दशरथ से लेनी चाहिए। राजा जनक के भेजे हुए दहेज को गलत मानकर स्वीकार नहीं किया। उन्होंने आगे कहा कि सोने से पहले मोबाइल छोड़कर भगवान को पकड़ लिया जाए तो अच्छी नींद आएगी। आज लोग भगवान को तुलसी दल चढ़ाने से भी कतराते हैं। यही कारण है कि उनके बच्चे दूध, मक्खन, रबड़ी, मलाई का स्वाद नहीं जानते। बच्चों को अच्छा संस्कार प्रदान करें।

## पूर्व विधायक ने पीजी कॉलेज का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की ली जानकारी

कॉलेज कैंपस का निरीक्षण कर छात्रों की समस्याएं सुनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पूर्व विधायक रंजना साहू बुधवार को शासकीय पीजी कॉलेज पहुंची जहां उन्होंने अपनी निधि से स्वीकृत विकास कार्यों का जायजा लिया और हो रहे अन्य निर्माण कार्यों की भी जानकारी ली। स्पोर्ट्स विभाग में बच्चों को आ रही दिक्कतों को तत्काल ठीक करने निर्देशित किया। उसके बाद कॉलेज कैंपस का निरीक्षण कर छात्रों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को जाना। छात्रों ने अपनी समस्या बताई।

श्रीमती साहू ने आगे कहा कि पीजी कॉलेज धमतरी की शान है। अब भाजपा सरकार आने से यहां पुनः विकास कार्य होंगे। पूर्व में भी हमने शासन से कालेज पहुंच के लिए नई सड़क, चार अतिरिक्त कक्ष, बाउंड्री वाल, पीजी के लिए एमए इंग्लिश की शुरुआत करवाई। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या श्रीदेवी चौबे, मनदीप खालसा, विजय साहू, जनपद सदस्य जागेश्वरी साहू, भारत सोनी, कीर्तन मीनपाल, जय हिंदूजा, देबाशीष हाज़रा, पंकज जैन उपस्थित थे।

निःशुल्क चिकित्सा परामर्श की सुविधा
सभी बीमारियों के शीघ्र आराम के लिए
बाबा नवजीवन चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने धमतरी
प्रमुख बीमारियों का इलाज
1. बुखार, सर्दी, खांसी, निमोनिया, श्वांस दमा, उल्टी दस्त
2. पेटरोग-कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना
3. वात रोग व लकवा रोग का लाभकारी इलाज
4. बवासीर-मस्सा होना, खून निकलना, दर्द होना
5. स्त्रीरोग-सफेदपानी आना, मासिक रूकावट, बांझपन
6. पुरूषों के रोग-धातुस्राव, शीघ्रपतन, इंद्रिय शिथिलता
7. चर्मरोग-दाद, खुजली, छैमची, सूजन, सफेद दाग
8. शुगर रोग-पेशाब बार बार होना, थकान, कमजोरी
9. केशरोग-बालों का झड़ना, सफेद होना का इलाज
10. पीलिया, मूत्ररोग, पथरी, सिरदर्द, हाई व लो ब्लडप्रेशर
99930 10732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, छैमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा. जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411